(ग) उक्त कांस्टेबल के विरुद्ध एक मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी जांच की जा रही है। पाकिस्तानी अधिकारियों से उक्त कान्सटेबल को राइफल तथा कारतूसों समेत लौटाने का अनुरोध किया गया है।

शाहदरा सहारनपुर रोड पर कोका कोला की बोतलों का पकड़ा जाना

6797. श्री रामसिंह अयरवाल :
श्री प्रो० प्र० त्यागी :
श्री रामगोपाल शाल वाले :
श्री निहाल सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 19 जून, 1967 को शाहदरा-सहारनपुर सड़क पर कोका कोला की 2352 बोतलें पकड़ी गई हैं जो दिल्ली से बाहर ले जाई जा रही थीं ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने कितने लोगों के विरुद्ध किस प्रकार की कार्यवाही की है ; और

(ग) ये बोतलें किस स्थान से लाई गई थीं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) बोतलें 18-6-1967 को पकड़ी गई थीं, न कि 19-6-67 को।

(ख) टार व्यक्तियों को अनिवार्य वस्तु अधिनियम की धारा 7/10/55 के अधीन गिरफ्तार किया गया और एक मामला दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है और जांच की जा रही है।

(ग) कहा जाता है कि ये बोतलें अभियुक्तों द्वारा दिल्ली की विभिन्न दुकानों से खरीदी गई थीं ?

"सी" डिवीजन गया के रेल डाक सेवा के कर्मचारी

6798. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री क० मि० मधुकर :
श्री चन्द्रशेखर सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "सी" डिवीजन, गया के रेल डाक सेवा के कर्मचारियों ने उनको एक सात सूत्री ज्ञापन दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगों का ब्यौरा क्या है और उन्हें पूरा करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संसद्-कार्य तथा संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) शाखा यूनियन द्वारा संचार मंत्री को भेजे गए ऐसे एक ज्ञापन की प्रतिलिपि प्राप्त हुई है।

(ख) सभा पटल पर मांगों की एक सूची रखी जा रही है। [पुस्तकालय में रख दी गई। देखिये संख्या एल० टी०-1211/67] चूंकि ज्ञापन एक डिवीजनल शाखा यूनियन द्वारा पेश किया गया था, अत : डिवीजनल अधिकारी मौजूदा नियमों के अन्तर्गत आवश्यक कार्रवाई करेंगे। रेल डाक व्यवस्था कर्मचारियों की शिकायतों की जांच की सभी पोस्ट मास्टर जनरलों को हिदायतें दे दी गई हैं डाक तार सर्कलों के विभिन्न अध्यक्षों को। शाखा तथा सर्कल यूनियनों द्वारा इसी प्रकार के ज्ञापन भेजे गए हैं।